दिन–सोमवार

दिनांक– 12/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।

अवधिः– 05 मिनट

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोलह जनवरी से राज्यव्यापी समृद्धि यात्रा पर निकलेंगे। इस यात्रा के माध्यम से मुख्यमंत्री राज्य के सभी जिलों का दौरा कर विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री की यात्रा को लेकर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने सभी विभागों के प्रधान सचिव और सभी जिलाधिकारियों को पत्र लिखा है। यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, पेयजल, रोजगार और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं का जायजा लेंगे। समृद्धि यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री सात निश्चय से संबंधित योजनाओं का स्थल निरीक्षण करने के साथ आम लोगों से संवाद भी करेंगे। मुख्यमंत्री की यह यात्रा राज्य के विकास कार्यों को रफ्तार देने के उद्देश्य से शुरू की जा रही है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा से प्रदेश में विकास योजनाओं को नई रफ्तार मिलेगी। बेगूसराय में संवाददाताओं से बातचीत में श्री सरावगी ने कहा कि समृद्धि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री की पिछली प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के कार्यान्वयन की भी समीक्षा होगी।

आज राष्ट्रीय युवा दिवस है। महान आध्यात्मिक विभूति और दार्शनिक स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष बारह जनवरी को यह दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्वामी विवेकानंद को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। इधर, राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आज नई दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के समापन सत्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित करेंगे।

राज्यसभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा ने सासाराम के पुरानी बस स्टैंड वेंडिंग जोन में वेंडरों से मुलाकात की और उन्हें हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान वेंडरों ने सांसद को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने वेंडरों से आग्रह किया कि वे सामूहिक प्रयास से शहर को जाम मुक्त, स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग दें।

————————————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में धूप खिलने से लोगों को ठंड से राहत मिली है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकतम तापमान में दो से पांच डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुई है। आज चार दशमलव छह डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ समस्तीपुर का पूसा राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले पांच दिनों के दौरान तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।

————————————————————————————

दरभंगा राज परिवार की महारानी कामसुंदरी देवी का आज दरभंगा में निधन हो गया। वे छियानवे वर्ष की थी और पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं। कामसुंदरी देवी महाराजा कामेश्वर सिंह की पत्नी थीं। उनके निधन से पूरे मिथिला में शोक की लहर है।

———————————————————————————

लखीसराय जिले की ताइक्वांडो खिलाड़ी अमीषा पटेल ने अंडर थर्टी एट किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए टॉप एट खिलाड़ियों की सूची में अपना स्थान बनाया है। इसके साथ ही वे वर्ल्ड स्कूल सेलेक्शन ट्रायल और खेलो इंडिया के लिए भी चयनित हो गईं हैं।

औरंगाबाद में आयोजित औरंगाबाद गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता में पश्चिम बंगाल की दुर्गापुर टीम ने छत्तीसगढ़ की टीम को पराजित कर खिताब अपने नाम किया।

———————————————————————————

सुपौल जिले के त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के शिवनगर में पुलिस और जिला आसूचना इकाई की टीम ने छापेमारी कर चार लाख तीस हजार रुपये मूल्य की प्रतिबंधित कप सीरप बरामद की है। इस मामले एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————————

पूर्णियां जिले के अमौर थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो लोगों की मौत हो गई।

———————————————————————————

समाप्त